# ए.सी.एस. के आदेश के पांच दिन बाद भी दिनेश कूकना जेडीए की कुर्सी नहीं छोड़ रहे

## अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर सावंत ने 15 मई को संयुक्त शासन सचिव को आदेश दिए थे कि तत्काल दिनेश कूकना को जलदाय विभाग जॉइन कराया जाए

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी और अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सावंत के आदेश के बावजूद भी अधिशासी अभियंता दिनेश कूकना जेडीए की कुर्सी नहीं छोड़ रहे हैं। जबकि एसीएस सावंत ने इस 15 मई को जलदाय विभाग के संयुक्त शासन सचिव प्रथम प्रवीण कुमार लेखरा को निर्देश दिए थे कि आसियान दिनेश कूकना को तुरंत विभाग जॉइन कराया जाए। इस आदेश के पांच दिन बाद भी न तो दिनेश कूकना ने जेडीए की कुर्सी छोड़ी और ना ही जलदाय विभाग ने उनके खिलाफ कोई एक्शन लिया।

उधर संयुक्त शासन सचिव प्रवीण कुमार लेखरा ने एसीएस के आदेश की पालना करवाने के बजाय इस मामले को इधर उधर टरकाकर लीपापोती कर डाली। उन्होंने मुख्य अभियंता और अतिरिक्त सचिव संदीप शर्मा को पत्र लिखकर एसीएस के आदेश की पालना करवाने के लिए कहते हुए मामला टालने की कोशिश की, जिसके जवाब में अब संदीप शर्मा ने वापस लेखरा को पत्र लिख कर कहा है कि, यह कार्रवाई आपके स्तर पर होनी है, मेरे नहीं। कुल मिलाकर जनवरी माह में हुए ट्रांसफर आदेश की 4 माह बाद भी पालना करवाने के बजाय जलदाय विभाग के अफसर एक्सएन दिनेश कूकना पर मेहरबानी बनाए हुए हैं। जबकि राजस्थान सिविल सेवा प्राधिकरण ने भी कूकना को ट्रांसफर आदेश पर स्टे देने से मना कर दिया था, इसके बाद राजस्थान हाईकोर्ट में जब उन्होंने स्टे याचिका लगाई तो कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाते हुए तुरंत ट्रांसफर आदेश की पालना सुनिश्चित करते हुए नव पदस्थापित स्थान पर ड्यूटी जॉइन करने के लिए कहा था। अदालत की इस फटकार के बाद कूकना की ओर से हाईकोर्ट में कहा गया कि वे जल्द ही ट्रांसफर आदेश की पालना कर लेंगे, परंतु उन्होंने अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ी।

मजेदार बात यह है कि, इस पूरे प्रकरण में जयपुर विकास प्राधिकरण के अफ़सर दिनेश कूकना को रिलीव करने के बजाय चुप्पी साधे हुए है। जबकि जलदाय विभाग के मुख्य अभियंता संदीप शर्मा ने गत 29 अप्रैल को कूकना को पत्र लिखकर तत्काल जेडीए से स्वयं रिलीव होकर अधिशासी अभियंता कार्यालय मुख्य अभियंता (शहरी एवं एनआरडब्ल्यू) के पद का कार्यभार संभालने के आदेश दिए थे। इस पत्र में कहा गया था कि अगर आपको जयपुर विकास प्राधिकरण रिलीव नहीं करता है तो आप स्वयं कार्यमुक्त होवे। इस नोटिस की प्रतिलिपि जेडीए कमिश्नर को भी भेजी गई थी।

संदीप शर्मा ने इसी प्रकार का अन्याय एक नोटिस राजस्थान हाउसिंग बोर्ड में कार्यरत एक्सएन लखन सिंह मीणा को भी दिया था, जिसकी प्रति आवासन सचिव को भी दी गई थी। इस पत्र के बाद आवासन मंडल ने लखन सिंह मीणा को रिलीव कर दिया था। हालाँकि वहाँ भी अधिशासी अभियन्ता रामनिवास सिंघल और गीताराम मीणा भी कार्यरत हैं, जलदाय विभाग ने इन का भी तबादला 15 जनवरी के आदेश में किया था, परंतु वे ट्रिब्यूनल से स्टे आदेश ले आए।

इस पूरे प्रकरण में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, प्रतिनियुक्ति पर लगे इस इंजीनियर्स की हठधर्मिता और ट्रांसफ़र आदेशों की अवहेलना से काफ़ी नाराज है। संभावना है कि जल्द ही इन अफसरों पर निलंबन जैसी कार्रवाई की जा सकती है।

## जेल में स्मैक की तस्करी करने वाली महिला को पकडा

**जयपुर।** लाल कोठी थाना इलाके में स्थित जयपुर जेल में बन्दियों से मुलाकात करने के बहाने अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर को पकडा है और उसके पास से 2.67 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित महिला तस्कर अपने पति की मदद से इस काम को अंजाम देती थी और आरोपित महिला के पति से जेल परिसर में स्मैक बरामद की है। फिलहाल आरोपी महिला तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार जयपुर जेल में बन्दियों से मुलाकात करने के बहाने जेल में स्मैक सप्लाई करने वाली महिला तस्कर सब्बिरन निवासी रामगंज को गिरफ्तार आरोपी महिला अपने पति की मदद से काम को अंजाम देती थी और वहीं जेल प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे है।

इसके अलावा रामलाल निवासी राजावास जयपुर से भी जेल परिसर में स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

# 16 लाख रुपये कीमत की अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार

## 80 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन जब्त



बस्सी थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले दो सप्लायरों को पकड़ा है।

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले दो सप्लायरों को पकड़ कर उनके पास से 80 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई अवैध मादक पदार्थ स्मैक की बाजार कीमत 16 लाख रुपये आंकी गई है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले सप्लायर 40 वर्षीय मनोज जाट और 31 वर्षीय विवेक कुमार जाट को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपी बलदेव जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 16 लाख रुपये कीमत की 80 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक और परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ स्मैक इरफान निवासी (उत्तर प्रदेश) से लेकर रआना और ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर में बना जी नाम के व्यक्ति को देना बताया। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## वकील के ऑफिस में बदमाशों ने की तोड़फोड़

- मारपीट कर चेंबर में रखे रुपए और सामान ले गए
- मारपीट करने वालों की पैरवी नहीं करेगा कोई वकील

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके में सोमवार शाम कुछ बदमाशों ने एक वकील के चैंबर में तोड़फोड़ कर मारपीट की। इसके बाद घायल वकील अपने साथियों के साथ बजाज नगर थाने पहुंचा। देर रात पुलिस ने वकीलों के द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की।

पीड़ित वकील कृष्णा स्वामी के दोस्त राहुल मीणा ने बजाज नगर थाने में रिपोर्ट दी कि सोमवार शाम 8 बजे वह 355 हिम्मत नगर गोपालपुरा स्थित अपने कार्यालय में बैठा हुआ था। इसी दौरान तीन गाड़ियों में हथियारों के साथ सौरभ फौजदार, अंकित चौधरी, राजीव टोकस, ऋषभ माचीवाल, अक्षित के साथ 4 से 5 लोग ऑफिस पहुंचे। ऑफिस में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। अचानक तोड़फोड़ और मारपीट का शोर सुनने के बाद स्थानीय व्यापारी भी कार्यालय में घुसे। इसके बाद सभी बदमाश बाहर खड़ी तीन गाड़ियों में बैठ कर फरार हो गए। मारपीट में घायल राहुल और वकील कृष्णा स्वामी के सिर में गम्भीर चोट आई है। बदमाश कार्यालय में रखे 70 हजार रुपए व अन्य सामान भी लूट ले गए। हमला करने आए बदमाश तीन अलग-अलग गाड़ियों में आए। इसमें से एक गाड़ी काले रंग की थी। अन्य दो गाड़ियों के नम्बर नहीं देखे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत ने बताया कि वकील कृष्णा स्वामी पर हुए हमला करने वाले बदमाशों की पैरवी कोई भी वकील नहीं करेगा। अगर किसी ने पैरवी की तो उस वकील के खिलाफ बार की ओर से अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस के साथ मिलीभगत कर बिल्डर ने साफ किया घर से सामान

**जयपुर।** मुहाना थाना इलाके में एक बिल्डर द्वारा पुलिस से मिलीभगत कर मकान से सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। इस सम्बंध में पीडिता रिया अग्रवाल ने मंगलवार को एक प्रेसवार्ता में बताया कि वह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर में पत्रकार कॉलोनी मानसरोवर में रहती है। मुहाना थाना इलाके में हाज्यावाला गांव के पास गणपति नगर कॉलोनी के विलाज में अप्रैल-मई 2024 से निवास करती थी। यहां उनके परिचित जीत विक्रम सिंह ने दो विला 27 और 29 नंबर खरीदे थे। जीत विक्रम सिंह की मौखिक सहमति से रिया अग्रवाल परिवार सहित विला नंबर 29 में रहती था। उनके पति ने विला मालिक को कुछ रकम दी गई थी, जिससे उसने कॉलोनी में बिल्डर देवेंद्र सिंघल से दो विला खरीद लिए थे। तय हुआ था कि भविष्य में इन विलाज को बेचने से जो फायदा होगा। उसमें से रकम के हिसाब से प्रॉफिट मिल जाएगा और तब तक आप यहां रह सकते हैं। इसी रकम के बदले तब तक आप यह बिना किसी भुगतान के निवास कर सकते हैं। ऐसे में बतौर विश्वास के लिए मुझे यहां परिवार सहित रहने दिया गया था। रिया अग्रवाल ने बताया कि पिछले 10 अप्रैल शाम को वे परिवार सहित किसी काम से गुरुग्राम गए थे। पीछे से बिल्डर देवेन्द्र सिंघल, महिपाल चौधरी और पुलिस थाना मुहाना के कुछ पुलिसकर्मियों ने मिलकर मेरे रहवासशुदा घर विला नंबर-29 का ताला तोड़ा और अंदर घुस गए। तीन मंजिला विला में से सभी चार बेडरूम का सामान, बाइक, ज्वेलरी, कैश, बच्चे का कम्प्यूटर, बुक्स, कपड़ों समेत सारा सामान चुरा लिया। इसकी जानकारी मिलने पर पीडिता ने पुलिस कंट्रोल नंबर 100 व 112 कॉल किए, पुलिस भी मौके पर आई। वहां से थाना मुहाना पहुंच कर शिकायत दी। पर वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद इसकी जानकारी जयपुर पुलिस के उच्च अधिकारियों को भी दी। इस घटना की एक माह से भी अधिक समय बीत चुका, पर आज तक पुलिस की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं हुई। बल्कि महिला और उसके परिवार को ही डराया धमकाया जा रहा है। महिला की गुजारिश है कि उसके घर से जो सामान चोरी किया गया, वह सम्मान लौटाया जाए और नुकसान की भरपाई कराई जाए।

## आंखों में मिर्च डालकर दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला से लूट

**जयपुर।** गांधी नगर थाना इलाके में मिर्च पाउडर डालकर दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला से लूट का मामला सामने आया है। बदमाश महिला से गहने-कैश छीनकर भाग निकले। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि लूट की वारदात झालाना डूंगरी के शिव कॉलोनी निवासी मन्त्री देवी (65) के साथ हुई। जो सोमवार दोपहर करीब 1 बजे वह बकरियों को पानी पिलाने झालाना के जंगल में गई थी। बकरियों के पानी पीने के दौरान वह पेड़ के नीचे बैठ गई। इस दौरान पीछे से दो लड़कों ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर जैसा पदार्थ डाल दिया। आंखों में जलन के दौरान बदमाशों ने उसके कान के टॉपस व गले से जोल्या तोड़ लिया। उसके पर्स में रखे 20 हजार रुपए भी छीन लिए। बदमाशों के लूट की वारदात कर भागते समय आंख मसलते हुए देखा तो उनमें एक लड़का कालू उर्फ अनिकेत होना दिखाई दिया। गांधी नगर थाने जाकर पीड़िता ने देर शाम दोनों बदमाशों के खिलाफ गहने-कैश लूट का मामला दर्ज करवाया।

# बावरिया गैंग के तीन शातिर बदमाशों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

- विद्युत ट्रांसफार्मर से कॉपर वायर और तेल चोरी करते थे आरोपी



कोटखावदा थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर से कॉपर वायर और तेल चोरी करने वाले बावरिया गैंग के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

**जयपुर।** कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विधुत ट्रांसफार्मर से कॉपर वायर और तेल चोरी करने वाले बावरिया गैंग के तीन शातिर बदमाशों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि कोटखावदा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विधुत ट्रांसफार्मर से कॉपर वायर और तेल चोरी करने वाले बावरिया गैंग के राजेंद्र बावरिया उर्फ आंधा उर्फ महेन्द्र बावरिया,धर्म सिंह और सरदार उर्फ जंगा कोजयपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है और तीनों ही दौसा हाल शिवदासपुरा इलाके के रहने वाले है। तीनों ही आरोपियों के खिलाफ दौसा सहित जयपुर शहर के विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपियों ने पूछताछ में कई इलाकों में विद्युत ट्रांसफार्मर में से कॉपर-आयल की कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है। गौरतलब है कि तीनों ही आरोपित नकबजनी की वारदात में गत दिनों पहले चाकसू पुलिस की ओर से गिरफ्तार किया गया था।

जिन्होंने पूछताछ में चाकसू और कोटखावदा थाना इलाके में विद्युत ट्रांसफार्मर में से कॉपर-ऑयल चोरी करने की वारदात करना कबूली थी।

## जयपुर पुलिस कमिश्नर 29 मई को झोटवाड़ा थाने में करेंगे जनसुनवाई

**जयपुर।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ 29 मई (गुरुवार) को शाम 5 से 8 बजे तक पुलिस थाना झोटवाड़ा में जनसुनवाई करेंगे।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त पश्चिम अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम आलोक सिंघल, सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा एवं चौमू एवं संबंधित थानाधिकारी और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस कमिश्नर द्वारा शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रताप नगर (जयपुर पूर्व), जयसिंहपुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व), वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम), मुहाना (जयपुर दक्षिण), आमेर (जयपुर उत्तर) महेश नगर (जयपुर दक्षिण) एवं जामडोली (जयपुर पूर्व) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# रोजी रोटी अधिकार अभियान का 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन 24 से

## तीन दिवसीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, भूख और पोषण की स्थिति सहित अन्य मुद्दों पर की जाएगी चर्चा

- देश के 16 राज्यों के 500 से अधिक कार्यकर्ता होंगे शामिल
- प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय करेंगी उद्घाटन



रोजी-रोटी अधिकार अभियान का 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में संयोजक कविता श्रीवास्तव ने जानकारी दी।

**जयपुर।** रोजी रोटी अधिकार अभियान का 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन 24 से 26 मई तक जयपुर में आयोजित होगा। सम्मेलन में देशभर के 16 राज्यों से 500 से अधिक कार्यकर्ता व शोधकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, भूख और पोषण की स्थिति, उभरते मुद्दों और अगले दो वर्षों के लिए आंदोलन की रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी। मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में सम्मेलन संयोजक कविता श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के प्रांगण में होने वाले सम्मेलन में वर्तमान में भोजन के अधिकार को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की स्थिति, उच्च बेरोजगारी और अनिश्चित आजीविका, इन मुद्दों पर सामूहिक कार्यवाही के कम होते अवसर व आर्थिक और राजनीतिक रूप से लोकतंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर चर्चा की जाएगी। प्रेसवार्ता में अभियान संयोजक आयशा खान, सह संयोजक नेसार अहमद व सामाजिक कार्यकर्ता सुमिता चौपड़ा, सम्मलेन सचिवालय समन्वयक विनीत अग्रवाल मौजूद रहे।


सम्मेलन में ओडिशा के एंटी माइनिंग आंदोलन के नेता लिंगराज आजाद, संयुक्त किसान मोर्चा पंजाब के प्रतिनिधि हरिंदर बिंदु, महाराष्ट्र के जनआन्दोलन के नेतृत्व उल्का महाजन, की कन्वीनर अंजलि भारद्वाज सहित अनेक जन आंदोलनों के प्रतिनिधि और आईआईटी दिल्ली से प्रो. रीतिका खेरा, स्कॉलर नवशरण सिंह, ज्यॉ द्रेज़ जैसे शोधकर्ता और बुद्धिजीवी भी शामिल होंगे। सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय एवं सैयदा हमीद, निखिल डे, हर्ष मंदर, शोधकर्ता दीपा सिन्हा, साहू पटोले (खाद्य संस्कृति लेखक) सहित विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता व विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सम्मेलन में भाग लेंगे। रोजी रोटी अधिकार अभियान का पिछला राष्ट्रीय सम्मेलन 2019 में रायपुर, छत्तीसगढ़ में हुआ था। 8वां सम्मेलन छह वर्ष बाद जयपुर में हो रहा है।

## सार-समाचार

### फ्लैटों में नौकरी कर नकबजनी की वारदात करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** गांधीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फ्लैटों में नौकरी कर नकबजनी की वारदात करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सोने की चैन व सोने के कंगन बरामद किए गए है। पुलिस के अनुसार चोरी किये गये सोने के आभूषणों की कीमत 8 लाख रुपये बताई गई है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जिला जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि गांधीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फ्लैटों में नौकरी कर नकबजनी की वारदात करने वाले शातिर आरोपी 25 वर्षीय संदीप वर्मा निवासी बस्ती उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पीड़िता हेमलता ऐलानी निवासी गांधीनगर ने मामला दर्ज कराया था कि उसके सास-ससुर की देखभाल के लिए संदीप चौधरी नाम के लडके को रखा जो 03 अप्रैल को काम पर आया और 09 अप्रैल को बिना बताए झूठ बोलकर जो अपना सामान और घर से जेवरात चोरी करके ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी तो पता चला कि बीस मई को आरोपी की शादी है और वह घर पर ही है। इस पर पुलिस गांधीनगर पुलिस थाना कोतवाली जनपद बस्ती उत्तर प्रदेश आरोपित संदीप वर्मा के घर पहुंची और उसे गिरफ्तार किया।

### सीपीआर प्रशिक्षण और रक्तदान शिविर का आयोजन




**जयपुर।** फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की अध्यक्ष डॉ. रिम्मी शेखावत के नेतृत्व में फ्लो रुधिर एक सशक्त और संवेदनशील अभियान में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला और रक्तदान शिविर एसएमएस मेडिकल कॉलेज, ट्रोमा एवं ऑर्थोपेडिक्स संस्थान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हर बूंद और हर सेकंड की अहमियत को बारीकी से समझा गया। इस कार्यक्रम की पहल फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर और श्री मानप्रताप फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। इसका नेतृत्व देवेंद्र सिंह सिंहासन ने किया। इसमें जीवन बचाने के महत्व को सशक्त रूप से उजागर किया गया। कार्यक्रम के दौरान एके प्राचार्य डॉ. दीपक महेश्वरी, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्राचार्यडॉ. मनीष अग्रवाल, प्रताप ग्रुप एवं चेयरमैन, मानप्रकाश फाउंडेशन के सीईओ देवेंद्र सिंह सिंहासन का सम्मान किया गया। सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला के अहम हिस्सा जीवन बचाने की कला रही। प्रशिक्षण का संचालन राजकुमार राजपाल और राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी राधेलाल शर्मा ने किया। रक्तदान अभियान में 500 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

### 5100 बालिकाओं को मिले नए वस्त्र




**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अमन लाइफस्टाइल कंपनी के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों की 5100 बालिकाओं को नए वस्त्र वितरित किए। यह कार्यक्रम बालिकाओं के आत्म-सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ आचार्य, चिकित्सक, ट्रस्ट सदस्य व मिडिया प्रभारी, प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने कहा कि ट्रस्ट समाज के प्रति अपने दायित्व को निभाने में गर्व महसूस करता हैं। कार्यक्रम संयोजक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि गत एक माह से चल रहे वस्त्र वितरण अभियान के तहत प्रताप नगर, वाटिका, गिरधारीपुरा कच्ची बस्ती, सांगानेर, विजयपुरा, मालपुरा, हरमाड़ा, बगराना, झालाना कच्च्ची बस्ती आदि में वस्त्र वितरित किए।

### जुआ खेलते दस व्यक्तियों को पकड़ा



**जयपुर।** संजय सर्किल थाना पुलिस ने एक ही दिन में अलग-अलग छह जगहों पर कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते और सट्टे की खाईवाली करते हुए दस व्यक्तियों को पकड कर उनके पास से साढे 19 हजार रुपये की जुआराशि भी जब्त की है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर)राशि डोगरा डूडी ने बताया कि संजय सर्किल थाना पुलिस ने एक ही दिन में अलग-अलग छह जगहों पर कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते और सट्टे की खाईवाली करते हुए राहुल सैनी,विजय शर्मा,इस्लामुद्दीन उर्फ गब्बर,सूर्य मणी उपाध्याय, आरिफ खान, अशोक चौधरी, शकील अहमद, अशोक, नीरज और सौराज बंजारा को गिरफ्तार कर उनके पास से साढे 19 हजार रुपये की जुआ राशि बरामद की है।

### हेरिटेज टूरिज्म बॉडी ने घटती पर्यटकों की संख्या पर चिंता जताई

**जयपुर।** भारत की पश्चिमी सीमा पर मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के कारण पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। इससे पर्यटन अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान हुआ है, विशेषकर राजस्थान, गुजरात और पंजाब जैसे सीमा वाले राज्यों को। इसी कारण, इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय से अपील की है कि पर्यटकों और आगंतुकों के बीच विश्वास फिर से कायम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को संबोधित एक पत्र में इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए) के महासचिव, कैप्टन गज सिंह अलसीसर ने कहा है कि फॉरेन ट्रैवल एडवाइज़री का असर न केवल लेज़र ट्रैवल की बुकिंग पर, बल्कि शादियों और माईस इवेंट्स पर भी पड़ रहा है, जो घरेलू पर्यटन के मुख्य आधार हैं। कल्चरल फेस्टिवल, डेजर्ट सफारी, मेले और लग्जरी ट्रेन यात्राएं जैसे सीजनल ईवेंट्स भी इससे प्रभावित हो रहे हैं।

### आईडब्ल्यूएन लीडरशिप समिट 23 को

**जयपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई), इंडियन वुमन नेटवर्क (आईडब्ल्यूएन), राजस्थान चैप्टर द्वारा 23 मई को जयपुर के आईटीसी राजपूताना होटल में आईडब्ल्यूएन राजस्थान वुमन लीडरशिप समिट 2025 का छठा संस्करण एवं वार्षिक सत्र आयोजित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिण-पश्चिमी कमान, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह समिट को संबोधित करेंगे। समिट में 150 से अधिक वुमन बिजनेस लीडर्स, पॉलिसी मेकर्स, उद्यमी, ब्यूरोक्रेट्स और प्रोफेशनल महिलाएं हिस्सा लेंगी। वुमन लीडरशिप समिट का एक खास सत्र सेलिब्रेटिंग ट्रांसफॉर्मेटिव लीडरशिप थीम पर केंद्रित होगा, जिसमें बदलाव लाने वाली और अपनी बाधाओं को चुनौती देते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वाली अग्रणी महिलाएं अपनी प्रेरणादायक कहानियां साझा करेंगी।